# Fatehabad

आज समाज

27 june 2026

# 15,000 अकाल अकादमी विद्यार्थियों ने बनाई 'WE ARE DRUG FREE' मानव आकृति, विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए




फतेहाबाद। अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर द कलगीधर ट्रस्ट द्वारा संचालित 121 अकाल अकादमी विद्यालयों के 15,000 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान में एक विशेष नशा जागरूकता अभियान में भाग लिया। प्रातः 8:00 बजे, सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने एक साथ अपने-अपने परिसर में एकत्र होकर WE ARE DRUG FREE (हम नशामुक्त हैं) की मानव आकृति बनाकर नशे से दूर रहने का संकल्प दोहराया। यह गतिविधि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में दर्ज होने के उद्देश्य से आयोजित की गई। इस अवसर पर अकाल अकादमी दशमेश नगर की प्रधानाचार्या सुश्री सुकृत कौर ने कहा, इयह पहल हमारे विद्यार्थियों की नशामुक्त समाज के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वर्षभर चलाए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों, मूल्य-आधारित शिक्षा, परामर्श सेवाओं तथा निवारक गतिविधियों के माध्यम से हमारे विद्यालय नशामुक्त परिसर बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। द कलगीधर ट्रस्ट अपने शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से नशा निवारण एवं सामाजिक जागरूकता अभियानों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। अकाल अकादमी के विद्यार्थियों ने पूर्व में भी इसी प्रकार के व्यापक जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से दो विश्व रिकॉर्ड तथा एक लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स सम्मान प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह अभियान युवाओं को नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करने तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

ਅਜੀਤ 20-Jun-2020
Page 7

ਅਜੀਤ

# ਅਕਾਲ ਅਕੈਡਮੀ ਦੇ 15,000 ਵਿਦਿਆਰਥੀਆਂ ਨੇ 'ਅਸੀਂ ਨਸ਼ਾ ਮੁਕਤ ਹਾਂ' ਮਨੁੱਖੀ ਮੂਰਤੀ ਬਣਾਈ

## ਸਾਰੀਆਂ ਅਕਾਦਮੀਆਂ ਨੇ ਮਿਲ ਕੇ ਵਿਸ਼ਵ ਰਿਕਾਰਡ ਦੀ ਸ਼ੁਰੂਆਤ ਕੀਤੀ



दैनिक भास्कर फतेहाबाद भास्कर 27-06-2026

# छात्रों ने बनाई 'वी आर ड्रग फ्री' आकृति

भास्कर न्यूज़ | फतेहाबाद

अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर कलगीधर ट्रस्ट, बड़ू साहिब के अधीन संचालित अकाल अकादमी सनियाना के विद्यार्थियों ने वी आर ड्रग फ्री की मानव आकृति बनाई। विद्यार्थियों ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन के तहत चल रहे अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति जागरूकता अभियान में भाग लिया। स्कूल परिसर में कार्यक्रम हुआ। विद्यार्थियों ने अनुशासित मानव श्रृंखला बनाई। नशा-मुक्त समाज का संदेश दिया। कार्यक्रम की साक्षी डॉ. मोनिका देवी रहीं। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सनियाना के प्राचार्य रामधीर सिंह भी मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने नशे के दुष्प्रभाव बताए। लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। अभियान में शामिल सभी विद्यार्थियों को वर्ल्ड बुक ऑफ



फतेहाबाद। छात्रों द्वारा बनाई गई आकृति।

रिकॉर्ड्स के लोगो के साथ सहभागिता प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। स्कूल की प्राचार्या बलजीत कौर ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, कार्यक्रम के साक्षियों का आभार जताया। उन्होंने कहा, ऐसे कार्यक्रम सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ाते हैं। जागरूकता बढ़ाते हैं। सकारात्मक सोच विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के अनुशासन, उत्साह, सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के अंत में स्कूल परिवार ने नागरिकों से नशा-मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग की अपील की।

फतेहाबाद स्ट्रीट-मेल

(शुक्रवार) 26 जून, 2026

# नशामुक्त भारत का संदेश: अकाल अकादमी के 15,000 छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड का दावा




**फतेहाबाद:** अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध और अवैध तस्करी विरोधी दिवस के अवसर पर आज द कलगीधर ट्रस्ट द्वारा संचालित 121 अकाल अकादमी स्कूलों के 15,000 से अधिक छात्रों ने नशे के खिलाफ एक अनूठी जागरूकता मुहिम में भाग लिया। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में फैले इन स्कूलों के बच्चों ने ठीक सुबह 8:00 बजे अपने-अपने परिसरों में एक साथ एकत्र होकर वी आर ड्रग फ्री की विशाल मानव श्रृंखला बनाई। इस अनूठे प्रयास को वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में दर्ज कराने का दावा किया गया है। फतेहाबाद जिले में भी इस अभियान को लेकर भारी उत्साह देखा गया, जिसमें अकाल अकादमी अजीतसर रतिया के 50, अकाल अकादमी दशमेश नगर के 200, अकाल अकादमी सलाम खेड़ा के 70 और अकाल अकादमी सनियाना के 85 छात्र-छात्राओं ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इस अवसर पर अकाल अकादमी दशमेश नगर की प्रिंसिपल सुमन श्योराण ने कहा कि यह पहल नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ खड़े होने और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के हमारे छात्रों के दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। द कलगीधर ट्रस्ट अपने शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से लगातार नशा रोकथाम अभियानों को चलाता रहा है।

पंजाब केसरी
SAT,27 JUNE 2026
EDITION: FATEHABAD KESARI, PAGE NO. 4

# देश की 130 अकाल एकैडमियों ने एक साथ दिया 'ड्रग फ्री' का संदेश

रतिया, 26 जून (झंडई): अकाल एकैडमी रतिया में नशामुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से ड्रग फ्री अभियान के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह अभियान पूरे देश में अकाल एकैडमियों की लगभग 130 शाखाओं में एक साथ चलाया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचाना था।

यह आयोजन वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रयास के तहत भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकैडमी की प्राचार्य अमनजीत कौर ने की जबकि मुख्यातिथि के रूप में शहर थाना प्रभारी पुष्पा सिहाग उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा विभाग के बी.आर.सी. कुलदीप श्योराण तथा मुख्य वक्ता के रूप में जिला पुलिस नशा मुक्ति केंद्र के सहायक उपनिरीक्षक सुंदर मुसाफिर शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन जेअंत कौर ने किया।




अकाल एकैडमी में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि संबोधित करती हुईं। (झंडई)

अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य अमनजीत कौर ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि उनमें अच्छे संस्कार, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध विकसित करना भी है। उन्होंने विस्तार से बताया कि यह अभियान कलगीधर ट्रस्ट, बड़ू साहिब हिमाचल प्रदेश के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश के पांच राज्यों में संचालित अकाल एकैडमियों के माध्यम से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में पूरे नेटवर्क की लगभग 130 अकाल एकैडमियों में एक ही समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में नशामुक्ति का संदेश पहुंचाना तथा युवाओं को सकारात्मक जीवन मूल्यों और राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरित करना है। मुख्यातिथि थाना प्रभारी पुष्पा सिहाग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और भविष्य को बर्बाद कर देता है। मुख्य वक्ता सहायक उपनिरीक्षक सुंदर मुसाफिर ने नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक रहें। इस अवसर पर एकैडमी के जसवंत सिंह, जेअंत कौर, मनप्रीत कौर, रुस्तम सिंह व अन्य स्टाफ भी मौजूद था।

27june2026

**NonStop_HARYANA 's post**

**NonStop_HARYANA**

15000 अकाल अकादमी विद्यार्थियों ने बनाई 'WE ARE DRUG FREE' मानव आकृति, विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए रतिया (तरसेम सैनी)। अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर द कलगीधर ट्रस्ट द्वारा संचालित 121 अकाल अकादमी विद्यालयों के 15000 से अधिक विद्यार्थियों ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान में एक विशेष नशा जागरूकता अभियान में भाग लिया। प्रातः 8 बजे सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने एक साथ अपने-अपने परिसर में एकत्र होकर 'WE ARE DRUG FREE (हम नशामुक्त है)की मानव आकृति बनाकर नशे से दूर रहने का संकल्प दोहराया। यह गतिविधि वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में दर्ज होने के उद्देश्य से आयोजित की गई। जिला फतेहाबाद के विद्यालयों में सहभागिता इस प्रकार रही, अकाल अकादमी अजीतसर रतिया 50, अकाल अकादमी दशमेश नगर 200, अकाल अकादमी सलाम खेड़ा 70, अकाल अकादमी कनियाना 85 रही। इस अवसर पर अकाल अकादमी दशमेश नगर की प्रधानाचार्या सुकृत कौर ने कहा कि यह पहल हमारे विद्यार्थियों की नशामुक्त समाज के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वर्षभर चलाए जाने वाले जागरूकता कार्यक्रमों, मूल्य आधारित शिक्षा, परामर्श सेवाओं तथा निवारक गतिविधियों के माध्यम से हमारे विद्यालय नशामुक्त परिसर बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। द कलगीधर ट्रस्ट अपने शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से नशा निवारण एवं सामाजिक जागरूकता अभियानों को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। अकाल अकादमी के विद्यार्थियों ने पूर्व में भी इसी प्रकार के व्यापक जन जागरूकता अभियानों के माध्यम से दो विश्व रिकॉर्ड तथा एक लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स सम्मान प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह अभियान युवाओं को नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए प्रेरित करने तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

